नामांक Roll No.

No. of Questions – **38**

V-102

No. of Printed Pages – **7**

व्यावसायिक शिक्षा (कक्षा–X) परीक्षा, 2018

लेवल – द्वितीय

विषय – सौन्दर्य एवं स्वास्थ्य

समय : 2 घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक: 30**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में निर्धारित शब्द–सीमा में लिखें ।

(4) प्रश्न संख्या **1** से **10** तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर–पुस्तिका में लिखें ।

(5) प्रश्न संख्या **11** से **30** तक एक पंक्ति में उत्तर लिखें ।

(6) प्रश्न संख्या **31** से **36** तक दो से चार पंक्तियों में उत्तर लिखें ।

(7) प्रश्न संख्या **37** एवं **38** के उत्तर दो पृष्ठों तक लिखें ।

खण्ड – (अ)

सही विकल्प चुने :

1. विटामिन–A की कमी से होने वाले रोग का नाम है : (½)

(अ) मधुमेह (ब) बालों का सफेद होना

(स) रतौंधी (द) रक्ताल्पता

2. ग्रीवा शक्ति विकासक किस अंग के लिए किया जाता है ? (½)

(अ) कमर (ब) हाथों

(स) पैरों (द) गरदन

3. अष्टांग योग में चरण होते है : (½)

(अ) छः (ब) पाँच

(स) नौ (द) आठ

4. केश निष्कासन की विधि का नाम है (½)

(अ) शेविंग (ब) फेशियल

(स) मेनिक्योर (द) पेडिक्योर

5. थ्रेडिंग का उपयोग किया जाता है (½)

(अ) भौहों को आकृति देने में (ब) मेकअप करने में

(स) मालिश करने में (द) नाखूनों की देखभाल करने में

6. नेल ब्रश कार्य में आता है (½)

(अ) वैक्सिंग में (ब) केश-सज्जा में

(स) नाखूनों की सफाई में (द) मस्कारा लगाने में

7. नेल कटर काम में लिया जाता है (½)

(अ) बालों को काटने में (ब) वैक्सिंग करने में

(स) नाखूनों को काटने में (द) केश-सज्जा में

8. चेहरे के बालों के रंग को छुपाया जाता है (½)

(अ) वैक्स से (ब) मस्कारा से

(स) नेल पेन्ट से (द) ब्लीच से

9. हेयर सेटिंग जेल द्वारा किया जाता है (½)

(अ) बालों को सुखाया (ब) बालों को काटा

(स) बालों में शैम्पू (द) बालों में सेटिंग

10. नेल आर्ट में काम आने वाली सामग्री नहीं है (½)

(अ) फॉइल (ब) आर्टिफिशल नेल्स

(स) बुलियन बीड्स (द) सेक्शनिंग पिन

खण्ड – (ब)

एक शब्द या **एक** वाक्य में उत्तर दीजिए ।

11. वसा का कोई एक कार्य बताइए । (½)

12. ताड़ासन से एक लाभ बताइए । (½)

13. मड थैरेपी कितने प्रकार की होती है ? (½)

14. पंचकर्म का अर्थ लिखिए । (½)

15. पाद–मूल शक्ति विकासक का एक लाभ बताइए । (½)

16. कटि शक्ति विकासक शरीर के किस अंग के लिए किया जाता है ? (½)

17. नेल पुशर/हुफ स्टिक का उपयोग लिखिए । (½)

18. मेनिक्योर के किसी एक प्रकार का नाम लिखिए । (½)

19. वैक्सिंग का उपयोग किसलिए किया जाता है ? (½)

20. पेडिक्योर किसलिए किया जाता है ? (½)

21. मस्कारें का उपयोग बताइए । (½)

22. शैम्पू करते समय ध्यान रखने योग्य कोई एक बिन्दु लिखिए । (½)

23. बाल काटने में उपयोग आने वाले दो औजारों के नाम लिखिए । (½)

24. शैम्पू के किसी एक प्रकार का नाम लिखिए । (½)

25. बाल काटते समय कोई एक सुरक्षा उपाय लिखिए । (½)

26. हेयर स्प्रे का एक कार्य लिखिए । (½)

27. हेयर ड्रायर का कार्य लिखिए। (कोई एक) (½)

28. बुलियन ब़ीड्स का उपयोग कहाँ किया जाता है ? (½)

29. फॉइल नेल आर्ट करने के लिए आवश्यक सामग्री का नाम लिखिए। (½)

30. पाइर्सड नेल चार्म में नाखूनों में क्या किया जाता है ? (½)

खण्ड – (स)

दो से **चार** पंक्तियों में उत्तर दीजिए :

31. पोषण की परिभाषा लिखिए। (1½)

32. मेनिक्योर के दो लाभ बताइए। (1½)

33. पैर की अँगुलियों के नाखूनों की सुरक्षा के लिए ध्यान रखने योग्य दो बातें बताइए। (1½)

34. हेयर कंडिशनर के दो लाभ बताइए। (1½)

35. शैम्पू और कंडिशनिंग के दौरान सैलून में उपयोग में लाए जाने वाले औजारों के प्रकारों के नाम लिखिए। (1½)

36. हिना लगाते समय ध्यान रखने योग्य कोई दो सावधानियाँ बताइए। (1½)

खण्ड – (द)

दो पृष्ठों तक उत्तर दीजिए :

37. पानी के कार्य लिखिए । **(3)**

या

वज्रासन करने की मुद्रा तथा लाभ लिखिए ।

38. त्वचा के प्रकारों के नाम लिखते हुए किन्हीं दो प्रकार को समझाइए । **(1+1+1) 3**

या

मेकअप में काम आने वाले कोई तीन सौन्दर्य प्रसाधनों के प्रयोग की विधि लिखिए । **(1+1+1) 3**